Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 21-02-2006

Participants : Mahto Shri Tek Lal

Title : Need to ensure that Central Coal Fields Limited starts mining operations at petarwar block in Bokaro district, Jharkhand.

श्री टेक लाल महतो (गिरिडीह) : अध्यक्ष महोदय, झारखंड राज्य, बोकारो जिला स्थित, पेटरवार प्रखंड के अंगवाली पंचायत चलकरी, चांपी, खेत को, रोहर, पिछरी पंचायत की जमीनें दामोदर नदी डायमरसन में ले ली गयी है, जहां किसानों को 80 प्रतिशत मुआवजा तथा 80 प्रतिशत नियोजन दे दिया गया है, किंतु मात्र 20 प्रतिशत लोगों को नौकरी एवं मुआवजा भुगतान न होने के कारण सेन्ट्रल कोलफिल्ड्स लिमिटेड, कोयला का उत्खनन नहीं कर पा रही है, जहां से लाखों टन कुकिंग कोयला उपलब्ध होगा जिसकी आवश्यकता बोकारो स्टील प्लांट को है तथा यह क्षेत्र स्टील प्लांट से सटा हुआ है। कोकिंग कोल की ढुलायी में भी काफी खर्च बचेगा। किसानों की जमीन डी.आर.डी. के तहत अधिग्रहीत करने के कारण वहां विकास के सारे कार्य ठप्प हैं।

अतः मेरा सदन से आग्रह है कि अविलम्ब कोयला उत्खनन की कार्यवाही प्रक्रिया शुरू की जाये ताकि क्षेत्र के लाखों लोग लाभान्वित हो सकें।